15/05/2026

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज सुरक्षित और निर्बाध समुद्री आवागमन के लिए भारत के समर्थन को दोहराते हुए कहा कि होर्मुज़ जलडमरूमध्य के माध्यम से सुरक्षित नौवहन क्षेत्रीय स्थिरता के साथ-साथ वैश्विक ऊर्जा और खाद्य सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। अबू धाबी में संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ उच्चस्तरीय वार्ता के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने यूएई पर हाल में हुए हमलों की कड़ी निंदा की। वार्ता के दौरान दोनों देशों के बीच विभिन्न क्षेत्रों में कई महत्वपूर्ण समझौते हुए। ऊर्जा क्षेत्र में इंडिया स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व्स लिमिटेड और अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी के बीच एक रणनीतिक सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

0000000000000000000000000

नीति आयोग की सदस्य डॉ. जोराम आन्या ने आज ईटानगर स्थित लोक भवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल के.टी. पारनाईक रिटायर्ड से मुलाकात की। राज्यपाल ने डॉ. आन्या को भारत सरकार के सर्वोच्च सार्वजनिक नीति थिंक टैंक नीति आयोग में नियुक्ति पर बधाई दी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वह समावेशी और जनकेंद्रित नीतियों के माध्यम से देश तथा अरुणाचल प्रदेश के आर्थिक विकास में

महत्वपूर्ण योगदान देंगी। राज्यपाल ने कहा कि दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों, कम जनसंख्या और समृद्ध सांस्कृतिक विविधता के कारण अरुणाचल प्रदेश की चुनौतियाँ विशिष्ट हैं। उन्होंने कहा कि मैदानी और अन्य राज्यों के लिए निर्धारित विकास मानकों को अरुणाचल जैसे पर्वतीय राज्यों पर समान रूप से लागू नहीं किया जाना चाहिए।

0000000000000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल के.टी. पारनाईक रिटायर्ड ने प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता एवं सम्मानित सामुदायिक नेता बेंगिया तोलुम के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। राज्यपाल ने कहा कि दिवंगत दूरदर्शी समाज सुधारक, समर्पित शिक्षाविद और अथक सांस्कृतिक योद्धा थे, जिन्होंने अपना जीवन समाज के कल्याण और उत्थान के लिए समर्पित किया। उन्होंने कहा कि उन्होंने विभिन्न जनजातियों और समुदायों के बीच एकता और सौहार्द को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य किया तथा शांति और आपसी समझ के संदेशवाहक के रूप में भी योगदान दिया।

0000000000000000000000000000

भारत निर्वाचन आयोग ने देशव्यापी विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के तहत सोलह राज्यों और तीन केंद्रशासित प्रदेशों में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण के निर्देश दिए हैं, जिसमें अरुणाचल प्रदेश को चरण-तीन में शामिल किया गया है।

अरुणाचल प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के अनुसार, इस पुनरीक्षण कार्यक्रम को चल रही जनगणना गृह-सूचीकरण प्रक्रिया के साथ समन्वित किया गया है, ताकि साझा क्षेत्रीय तंत्र का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जा सके। अरुणाचल प्रदेश में बारह मई 2026 तक कुल आठ लाख सत्तासी हजार छह सौ सात मतदाताओं के सत्यापन के लिए दो हजार दो सौ अट्ठासी बूथ स्तरीय अधिकारी और तीन हजार एक सौ इक्तीस बूथ स्तरीय एजेंट इस प्रक्रिया में शामिल होंगे। राज्य में विशेष गहन पुनरीक्षण की समय-सीमा के तहत तैयारी, प्रशिक्षण और मुद्रण कार्य पांच जून से चौदह जून तक किए जाएंगे, जिसके बाद पंद्रह जून से चौदह जुलाई तक बूथ स्तरीय अधिकारियों द्वारा घर-घर जाकर सत्यापन अभियान चलाया जाएगा।

000000000000000000000000000

टीसीएल विभाग के सचिव वायोंग खिमहुन ने आज तिराप, चांगलांग और लोङदिङ विभाग की विभिन्न लाइन विभागों के साथ एक व्यापक समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में ग्रामीण कार्य विभाग, लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण एवं जलापूर्ति विभाग, बागवानी, कृषि विभाग तथा ग्रामीण विकास विभाग सहित कई विभाग शामिल हुए। बैठक के दौरान संबंधित विभागों ने पॉवर प्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से अपनी चल रही योजनाओं और परियोजनाओं की स्थिति प्रस्तुत की।

टीसीएल के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर संचालित विकासात्मक गतिविधियों की प्रगति, क्रियान्वयन और प्रभाव को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

000000000000000000000000000

लोअर सियांग जिला प्रशासन अट्ठारह मई 2026 को लिकाबाली स्थित सर्किट हाउस में जिला स्तरीय तेजस कार्यशाला का आयोजन करेगा। तेजस पहल का उद्देश्य गैर-महानगरीय और वंचित क्षेत्रों के इच्छुक उद्यमियों, स्टार्टअप, नवप्रवर्तकों और छात्रों की पहचान कर उन्हें प्रोत्साहित और सहयोग प्रदान करना है। यह पहल भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग के अंतर्गत स्टार्टअप इंडिया कार्यक्रम का हिस्सा है।

000000000000000000000000000

ईस्ट सियाङ जिला प्रशासन, पुलिस तथा वन विभाग ने संयुक्त रूप से कल पासीघाट के दो माइल स्थित पशु चिकित्सा प्रशिक्षण संस्थान के पीछे लगभग बारह एकड़ क्षेत्र में उगे जंगली कैनाबिस सटाइवा यानी गांजे को नष्ट करने का अभियान चलाया। इस अभियान में पुलिसकर्मियों, वन अधिकारियों तथा जिला प्रशासन के कर्मचारियों ने भाग लिया। अभियान की मौजूदगी में एसडीओ एवं टाउन मजिस्ट्रेट संजय ताराम तथा एंटी ड्रग स्क्वॉड के प्रभारी डीएसपी आयुप बोको भी उपस्थित रहे।

0000000000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के पंद्रह ज़िलों वेस्ट कामेङ, पाक्के केसाङ, पापुम पारे, अपर सुबनसिरी, लोअर सुबनसिरी, कामले, लोअर सियाङ, ईस्ट सियाङ, वेस्ट सियाङ, लेपा रादा, लोअर दिबाङ वैली, लोहित, नामसाई, तिराप और लोङदिङ के लिए अगले 24 घंटों में ग़रज के साथ बिजली गिरने और बहुत तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया हैं।

0000000000000000000000000000